सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	श्रावण 21, गुरूवार, शाके 1943–अगस्त 12, 2021 *Sravana 21, Thursday, Saka 1943- August 12, 2021*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि।

नगरीय विकास विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 11, 2021

संख्या प.17(16)**नविवि/नियम/**2021 :-राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम, 2012 के नियम 10 के उप-नियम (2) एवं नियम 37 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान मेडिकल सुविधाओं को और सुदृढ किये जाने एवं भविष्य में आपदा की स्थिति में राज्य में आमजन हेतु उचित मेडिकल सुविधा/संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल सेक्टर के अंतर्गत मेडिकल संस्थान यथा मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पीटल, मेडिकल कॉलेज, डिस्पेंसरी (एलोपैथी/आयुर्वेद/प्राकृतिक/होम्योपैथी/यूनानी) के लिए कृषि भूमि की अनुज्ञा एवं आवंटन पर उक्त नियमों के नियम 9 के उप-नियम (1) के अधीन देय प्रीमियम में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान करती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,
मनीष गोयल,
संयुक्त शासन सचिव-प्रथम।

2273
राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।